आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.08.2025 समय : 1850

- श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते पर आए भूस्खलन में जान गवाने वालो के प्रति प्रधानमंत्री ने संवेदनाएं व्यक्त की।
- पन्द्रहवें जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जापान के लिए रवाना होंगे।
- सांसद बिष्णु पद रे ने केन्द्र सरकार से चाथम ब्रिज पर अतिरिक्त पुल के निर्माण के लिए त्वरित निधि स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है।
- अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस का कल अंतिम दिन, विजेताओं को दिए जाएंगे पुरस्कार।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू और कश्मीर के श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते पर आए भूस्खलन में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने इसे "दुखद" बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंगलवार को रियासी जिले के श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई श्रद्धालुओं की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एन.डी.आर.एफ की सत्रह टीमें तैनात की हैं। इसके अलावा, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय रूप से बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जापान जाएंगे। श्री मोदी उनतीस और तीस अगस्त को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ पन्द्रहवें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच साझेदारी के एक नए युग की शुरुआत होने की उम्मीद है। जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने कहा कि दोनों देश उच्च–स्तरीय तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला को सरल बनाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। जापान की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री चीन की यात्रा पर रवाना होंगे। वे राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर इक्कतीस अगस्त और पहली सितम्बर को शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की पच्चीसवीं बैठक में भाग लेने के लिए तियानजिन जाएंगे।

<><><><><><><>

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व आस्था और शक्ति का प्रतीक है तथा यह अवसर सभी के जीवन में सुख, शांति और स्वास्थ्य लाए। देशभर में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष गूंज रहे हैं। जगह–जगह भक्तिमय वातावरण में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना और पूजा हो रही है।

इस शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने भी पूरे देशवासियों के साथ–साथ अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों को विशेष शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी का यह पावन पर्व हम सबके जीवन में नई ऊर्जा और एकता का संदेश लेकर आए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल सी.डब्ल्यू.जी दो हजार तीस के लिए बोली के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। गुजरात सरकार को अनुदान सहायता देने की भी मंजूरी दी गई है। अहमदाबाद में आयोजित होने वाले इन खेलों में बाहत्तर देशों के एथलीट भाग लेंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा और पर्यटन व रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। अहमदाबाद

का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, जो पहले ही दो हजार तेईस आई.सी.सी क्रिकेट विश्व कप फ़ाइनल का मेज़बान रहा है, इस आयोजन के लिए एक आदर्श स्थल साबित होगा। इस आयोजन से खेल विज्ञान, आयोजन प्रबंधन, प्रसारण, और अन्य क्षेत्रों में पेशेवरों के लिए भी अवसर मिलेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी से न केवल राष्ट्रीय गौरव बढ़ेगा, बल्कि युवा एथलीटों को भी प्रेरणा मिलेगी, और देश में खेल संस्कृति को और मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकवादियों को भारतीय नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ करने के गंभीर परिणामों का संदेश दिया है। श्री शाह ने जम्मू–कश्मीर पुलिस, सेना और सी.आर.पी.एफ. के जवानों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और कहा, "ऑपरेशन महादेव ने संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदला है।" भारतीय सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादियों के लिए अब भारत में कोई जगह नहीं है।

<><><><><><><>

रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने अंडमान और निकोबार कमान का तीन दिवसीय अध्ययन दौरा किया। इस उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में नौ संसद सदस्य, लोकसभा सचिवालय, रक्षा मंत्रालय और सैन्य मामलों के विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने किया।

<><><><><><><>

लोकसभा सांसद बिष्णु पद रे ने केन्द्र सरकार से चाथम ब्रिज पर अतिरिक्त पुल के निर्माण के लिए त्वरित निधि स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, और बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को पत्र भेजा है। श्री रे ने बताया कि उन्नीस सौ सत्तर में निर्मित चथम कॉजवे अब जीर्ण–शीर्ण हो चुका है और आई.आई.टी मद्रास की रिपोर्ट के अनुसार इसे मरम्मत योग्य नहीं पाया गया है। जून दो हजार पच्चीस से इस पर केवल पैदल और दोपहिया वाहनों की आवाजाही हो रही है, जिससे हजारों लोग, खासकर बुजुर्ग, दिव्यांगजन, छात्र और मरीजों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

<><><><><><><>

पहली अंडमान और निकोबार अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस के सातवें राउंड की आज शुरुआत हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय शतरंज संघ के ईवेंट समिति के सदस्य भावेश पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने शीर्ष बोर्ड पर पहली चाल की शुरुआत कर, सातवें राउंड को औपचारिक रूप से खोला। शतरंज टूर्नामेंट का समापन समारोह कल जलसा हॉल, डॉलीगंज, श्री विजया पुरम में दोपहर तीन बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ओ.बी.सी और ई.बी.सी छात्रों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से इन योजनाओं के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन करने के लिए, छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल scholarships.gov.in पर जाएं और 'प्रोत्साहन योजना' के तहत आवेदन करें। पात्रता सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों को सलाह दी गई है कि वे सुनिश्चित करें कि उनका बैंक खाता सक्रिय और आधार से जुड़ा हो। अंतिम समय में आने वाली समस्याओं से बचने के लिए, छात्रवृत्ति के लिए आवेदन समय सीमा से पहले ही जमा कर दें। अधिक जानकारी के लिए छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर जा सकते हैं या अपने संबंधित संस्थानों से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दो सौ साठ छात्रों और दस शिक्षकों ने श्री विजयपुरम स्थित केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर का दौरा किया। इस दौरान छात्रों को कृषि विज्ञान, अनुसंधान गतिविधियों और जैव विविधता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वैज्ञानिक चित्तरंजन राउल ने मीठे पानी की सजावटी मछलियों और फिश स्पा के लाभों पर चर्चा की, जबकि तकनीशियन शिवानी कुमारी ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम औषधीय उद्यान का परिचय कराया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह ने लवण–सहिष्णु चावल किस्मों के मूल्यांकन के लिए सूक्ष्म भूखंडों में नियंत्रित वातावरण प्रयोग की प्रक्रिया को समझाया। यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

**<><><><><><><><>**